# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :गोप0/प्रयो0/56
दिनांक : 18/1/22

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0/प्रयो0/1708 दिनांक 21.12.2021 द्वारा परम्परागत पाठ्यक्रमों **(व्यावसायिक पाठ्यक्रम–बी0एड0, एम0एड0, बी0पीएड0, मेडिकल एवं परामेडिकल को छोड़कर)** के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया गया था कि जिन छात्र/छात्राओं की उपाधि पूर्ण करने हेतु वार्षिक एवं सम–विषम सेमेस्टर विशेष परीक्षा (**Special Exam-2020-21**) की लिखित परीक्षायें माह नवम्बर 2021 में सम्पन्न हो चुकी है, उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा (सेमेस्टर/वार्षिक/भूतपूर्व परीक्षा) दिनांक 01.01.2022 से 15.01.2022 के मध्य परीक्षा केन्द्रों (मेरठ कालेज मेरठ, डी0एन0कालेज मेरठ, आर0जी0 कालेज मेरठ तथा शिवनाथ सिंह शालिडल्य पी0जी0 कालेज माछरा) पर सम्पन्न करायी जायेंगी।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत उ0प्र0 शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन में समस्त महाविद्यालय/संस्थान दिनांक 23.01.2022 तक भौतिक रूप से बंद किये गये हैं। अतः उक्त आदेशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। शासन द्वारा कालेज खुलने के आदेश के उपरान्त उक्त प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें आयोजित कराये जाने हेतु विश्वविद्यालय की वेब–साईट(www.ccsuniversity.ac.in) पर संशोधित तिथियों की घोषणा की जायेगी। सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि संशोधित तिथियों से अवगत होने हेतु निरन्तर विश्वविद्यालय की वेब–साईट का अवलोकन करते रहें।

18/01/2022
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक के परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में उक्त सूचना निःशुल्क तीन दिवसों तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी वैबसाइट विश्वविद्यालय को, वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
7. समस्त परीक्षा केन्द्रों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना अपने कालेज की वैबसाइट पर भी अपलोड करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)